शनिवार
07 मई 2022




पृष्ठ 4
नए घर में प्रवेश से पहले कुछ बातों का रखें ध्यान



पृष्ठ 5
फराह खान ने की गर्ल गैंग संग जबरदस्त पार्टी



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 98
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

एकता का किला सबसे सुदृढ़ होता है। उसके भीतर रह कर कोई भी प्राणी असुरक्षा अनुभव नहीं करता।
– अज्ञात

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# महंगाई की एक और मार, गैस सिलेंडर हजार के पार

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान आम आदमी को महंगाई का एक और बड़ा झटका रसोई गैस सिलेंडर की कीमत वृद्धि से लगा है रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में आज एक बार फिर 50 रूपये की बढ़ोतरी किए जाने से अब देहरादून में रसोई गैस सिलेंडर (14 किलोग्राम) की कीमत 1020 रूपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

पेट्रोल की कीमतें तो 100 के पार पहुंच चुकी थी जिसे लेकर आम आदमी परेशान था अब रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी से आम आदमी को बड़ा झटका दिया गया है। इससे पूर्व रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 22 मार्च 2022 को 50 रूपये की बढ़ोतरी की गई थी जिसके बाद 14 किलोग्राम वाले एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 980 रूपये हो गई थी । वर्तमान बढ़ोतरी के बाद दून में अब




**❑रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़ी**
**❑आखिर कब और कैसे रुकेगी बढ़ती महंगाई?**

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें 1020 रुपए हो गई है। वहीं दिल्ली में 1000 रूपये पहुंच गई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 19 केजी वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 1 अप्रैल को 250 रूपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई थी तथा उसके बाद 1 मई को 102 रूपये की बढ़ोतरी हुई थी।

पेट्रोल की कीमतें जो सौ रूपये प्रति लीटर से ऊपर पहुंच गई है तथा डीजल की कीमतें जो 90 रूपये प्रति लीटर के आसपास हैं तथा इनमें निरंतर वृद्धि का क्रम जारी है, के साथ-साथ रसोई गैस की कीमतों में हो रही भारी बढ़ोतरी का आम आदमी के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन इसके बाद भी मूल्य वृद्धि का यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकारों से पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने की अपील की गई थी जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। लेकिन सवाल यह है कि जब रसोई गैस व अन्य तमाम खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ती जा रही है तो आम आदमी को महंगाई से भला कैसे राहत मिल सकेगी? यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विपक्ष ने अभी पांच राज्यों के चुनावों में इसे मुद्दा बनाया था लेकिन जनता ने इसे नकार दिया था अब बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी परेशान है।

# चेन लूटेरों को शरण देने वाले दो गिरफ्तार

संवाददाता




देहरादून। एक ही दिन में पांच चेन लूट की घटना को अंजाम देने वाले मोटरसाईकिल सवार बदमाशों को शरण देने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूटेरों की तलाश जारी है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खण्डूरी ने बताया कि 28 अप्रैल की प्रात: मोटरसाईकिल सवार बदमाशों ने गीतापुरम डोईवाला, मयूर विहार रायपुर, कौलागढ कैण्ट क्षेत्र,एकता भवन ठाकुरपुर में चेन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था।

घटनाओ के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा सभी घटना स्थलों का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। साथ ही बदमाशों के आने व जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेजों को चैक करते हुए सर्विलांस के माध्यम से बदमाशों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गयी। विभिन्न घटना स्थलों के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन करने पर 2 मोटर साइकिलों पर सवार 4 संदिग्ध व्यक्ति घटना स्थलों के आस-पास घटना के समय जाते हुए दिखाई दिये। फुटेज से प्राप्त बदमाशों के हुलिये के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर स्थानीय लोगों द्वारा उनकी पहचान जुगनू पुत्र बाबूराम निवासी चोरखाला सहसपुर देहरादून मूल निवासी अहमदगढ थाना तथा झिंझाना शामली, सोनू पुत्र बुद्धराम निवासी अहमदगढ शामली ◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, 7 लोगों की मौत

मथुरा। मथुरा के थाना नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा हुआ है। हरदोई से नोएडा जाते समय एक वैगनआर कार अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में ७ लोगों की मौत और २ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन ६८ के पास हुआ है। मरने वालों में कार में सवार तीन पुरुष, तीन महिला और एक बच्चा शामिल है। वहीं घायलों में एक व्यक्ति और एक बालक है, जिन्हे इलाज़ के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सड़क हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

जानकारी के मुताबिक, गांव बहादुरपुर, संडीला हरदोई निवासी लल्लू परिवार सहित नोएडा से अपने पैतृक गांव बहादुरपुर हरदोई में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहां से अपनी कार से नोएडा लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे पर नौहझील क्षेत्र में माइल स्टोन ६८ के समीप शनिवार तड़के कार की अज्ञात वाहन से जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

इसके चलते कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार ६ लोगों में से एक बालक समेत सात की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक बच्चा और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर सभी कार सवारों को बाहर निकाल दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं सात शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए परिजनों को सूचना दी है।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 3805 केस दर्ज, 22 और मरीजों की मौत

नई दिल्ली । देश में कोरोना वायरस के मामले दिन भर दिन तेजी से बढ़ते जा रहे हैं जो कि चिंताजनक है। कल के मुकाबले आज २५१ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं। बता दें कि, देश में कुछ दिनों से तीन हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं कल भी ३,५४५ मामले सामने आए थे।

वहीं देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर २० हजार ३०३ रह गई है। देश में पिछले २४ घंटे में ३ हजार ८०५ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की सख्या ४,३०,९८,७४३ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस



संक्रमण के ३,८०५ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, २२ और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर ५,२४,०२४ हो गयी है। जिन मरीजों ने बीते २४ घंटे में जान गंवाई है, उनमें से २० की मौत केवल केरल में हुई है। इससे पहले गुरुवार को देश में जो ५५ मरीजों ने दम तोड़ा था उसमे से ५२ मरीजों की मौत केरल में हुई थी। इसके अलावा पिछले २४ घंटे में ३,१६८ लोग महामारी से ठीक हुए है जिसके बाद अब ठीक होने वालों की कुल संख्या ४,२५,५४,४१६ हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.७८ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.७६ प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का ०.०५ प्रतिशत है। देश में अभी तक कोविड–१९ के लिए ८४.०३ करोड़ नमूनों की जांच हुई है, जिनमें से ४,८७,५४४ नमूनों की जांच एक दिन पहले हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में ६१५ मामलों की वृद्धि दर्ज की गयी है। जबकि मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत दर्ज की गयी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कांग्रेसियों का कांग्रेस से मोहभंग

कांग्रेस जो देश की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी राजनीति पार्टी थी उस कांग्रेस से अब आम जनता का ही नहीं खुद कांग्रेसियों का भी मोह भंग होता जा रहा है। जो कांग्रेसी नेता कांग्रेस पार्टी को राजनीतिक दल नहीं एक विचारधारा बताया करते थे और उसकी चुनावी हार को सिर्फ बख्ती उतार-चढ़ाव बताकर यह कहा करते थे कि कांग्रेस जब जब कमजोर हुई है तब तक और मजबूत होकर उभरी है वह कांग्रेसी भी कांग्रेस को छोड़कर भाग रहे हैं। कांग्रेस के पतन का यह सिलसिला जो स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी की केंद्र में सरकार बनने से शुरू हुआ था वह केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद अपने चरम पर पहुंच चुका है। आज वर्तमान में कांग्रेस की जो वास्तविक स्थिति है वह किसी क्षेत्रीय दल जैसी हो गई है। भले ही कांग्रेसी नेता इसे स्वीकार करें या न करें लेकिन सच यही है। केंद्रीय सत्ता पर अब उसकी कितनी पकड़ शेष बची है यह इसी बात से समझा जा सकता है कि उसे दूसरे राजनीतिक दल मुख्य विपक्षी दल भी मानने को तैयार नहीं। भाजपा नेताओं द्वारा जब कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही जाती थी तो उन्हें बड़ा बुरा लगता था लेकिन आज एक-एक कर उसकी तमाम राज्यों से सत्ता जाती चली जा रही है। अभी बीते दिनों जिन पांच राज्यों में चुनाव हुए उनमें कांग्रेस का प्रदर्शन अत्यंत ही खराब रहा था पंजाब और उत्तराखंड में तो उसकी सत्ता हाथ से फिसल ही गई है उत्तर प्रदेश में उसकी स्थिति में रत्ती भर सुधार नहीं देखा गया। 2016 में उत्तराखंड कांग्रेस में हुए बड़े विभाजन के बाद से लेकर अब तक तमाम छोटे-बड़े नेता कांग्रेस से जा चुके हैं। चुनाव के दौरान किशोर उपाध्याय जैसे नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए, सो तो चले ही गए अभी भी यह सिलसिला जारी है बीते कल जोत सिंह बिष्ट ने भी कांग्रेस से हाथ झटक कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। यह सोचनीय बात है कि कांग्रेस जैसी पुरानी पार्टी को छोड़कर अगर कोई जोत सिंह बिष्ट जैसा नेता आप जैसी पार्टी में चला जाता है तो इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस की अहमियत अब कांग्रेसी नेताओं के जेहन में आप जैसी पार्टी के बराबर भी नहीं रह गई है। जोत सिंह बिष्ट का कहना है कि कांग्रेस अब व्यक्तिगत हितों की पार्टी रह गई है। पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट का आरोप बेबुनियाद नहीं है। कांग्रेस में जो भी नेता बचे हैं उनके लिए पार्टी का हित कोई मायने नहीं रखता है उन्हें सिर्फ अपने ही हितों के लिए लड़ना होता है खास बात यह है कि यह अपने हितों की लड़ाई वह अपनी ही पार्टी के नेताओं से लड़ रहे हैं। वह अपनी और पार्टी की बड़ी से बड़ी हार पर न दुखी होते हैं न विचलित होते हैं उन्हें तो सबसे ज्यादा सुख अपनी ही पार्टी के दूसरे नेताओं को हराते हुए देखकर मिलता है। सही मायने में कांग्रेस की इस दुर्दशा के लिए खुद कांग्रेसी नेता ही जिम्मेवार है।

# दो लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार रुपये निकाले

संवाददाता

देहरादून। ठगों ने दो लोगों के एटीएम कार्ड बदल कर उनके खाते से 25-25 हजार रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भजन सिंह नेगी निवासी श्यामपुर ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गत दिवस प्रात: 11 बजे पी.एन.बी. के एटीएम मे पैसे निकालने के लिए गया था इसी बीच 4-5 लडके मेरे पीछे खडे हो गये और उसको ए.टी.एम से रूपये निकालने मे विघन डालने लगे उसके अनुरोध करने के पश्चात भी वह कुछ न कुछ हरकते करने लगे जिसकी मुझे जानकारी नही हुई इसी बीच एक लडके ने मेरे ए.टी.एम. कार्ड को धोखे से बदल दिया जिसकी मुझे उसकी जानकारी नही हो पाई और इसके बाद व सभी वहाँ से चले गये कुछ समय बाद उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसमे पहली बार 10 हजार रूपये उसके कुछ देर बाद 10 हजार रूपये तथा 5 हजार रूपये की राशी निकाल दी गयी जिसके बाद वह तुरंत बैंक मे गया जहाँ उसने जानकारी की तो पता चला कि जो ए.टी.एम कार्ड मेरे पास था वह गलत ए.टी.एम. कार्ड था। वहीं मीरा नगर निवासी छोटे लाल गुप्ता ने भी ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज वह 12 बजे के करीब पीएनबी एटीएम से पैसे निकालने को अपनी बेटी, किरन को भेजा तो मुझसे पहले एक महिला ने निकाला तो पैसे नहीं निकले उससे पहले एक लड़के ने पैसे निकाले तो 500 रूपये निकाले तो उसने उसी से मदद माँगी और वह उसका एटीएम बदल दिया और उस लड़के ने श्यामपुर पुलिस चौकी के आसपास के एटीएम से उसके खाते से तीन बार कर 25 हजार रूपये निकाल दिये। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न, कई फैसलों पर लगाई मोहर

नगर संवाददाता

मुनस्यारी। चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक में यह तय किया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गर्भवती महिलाओं के प्रशव तथा वार्ड में हॉट एसईसी लगाई जाएगी। ताकि महिलाओं को जाड़े के मौसम में बाहर की ठंड का एहसास ना हो। समिति की बैठक में यह भी तय किया गया है कि आपात स्थिति को छोड़कर अगर किसी चिकित्सक ने बाहर से पैथौलांजी की जांच कराई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में जाएगी साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में मेडिकल कैंप भी लगाए जाएंगे ताकि अस्पताल नहीं पहुंचने वाले लोगों को घर पर ही चिकित्सा तथा जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा प्रबंध समिति की मासिक बैठक जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि समिति के खाते में 9,2207 शेष बचे हुए हैं। पिछली बैठक का कार्यवृत्त रखा गया, जिसके एक-एक बिंदु की समीक्षा की गई। पिछली बैठक में लिए गए निर्णय से छूटे अधुरे कार्यो को 15 दिन के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया।

बैठक में तय किया गया कि क्षेत्र के मरीजों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए समिति के खाते से बाजार से खरीदे जाने वाली आवश्यक दवाइयां एलपी के माध्यम





से खरीद कर गंभीर मरीजों को उपलब्ध कराया जाए। रैबीज के इंजेक्शनों की संख्या में बढ़ोतरी की जाय, ताकि सभी इंजेक्शन गरीब परिवारों को अस्पताल से ही लगायी जाय।

बैठक में तय किया गया कि जाड़ों के मौसम में प्रसव कक्ष तथा गर्भवती महिलाओं के वार्ड अत्यधिक ठंडे होने के कारण महिला तथा चिकित्सकों को कार्य करना कठिन हो जाता है। इसलिए प्रथम चरण में इन दोनों कक्षों में हाट एसी लगाया जाएगा। अस्पताल में जांच की सरकारी तथा आउटसोर्सिंग सेवा उपलब्ध होने के कारण कोई भी चिकित्सक आपात स्थिति को छोड़कर बाहर से पैथोलॉजी जांच नहीं करेगा। इसके लिए तय किया गया कि एक पृथक से पंजिका बनेगी। जिसमें बाहर से जांच होने वाले मरीजों का विवरण रखा जायेगा, जिसकी समय समय पर समीक्षा होगी कि कहीं बाहर से जांच गलत तो नहीं हुई है। मरीज अगर लिखित रूप से देता है कि वह बाजार से जांच कराने के लिए सहमत है, तो इस स्थिति में मरीज को छूट दी जाएगी।

बैठक में विभिन्न प्रकार के आवश्यक चिकित्सा उपकरणों को खरीदने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में तय किया गया कि अस्पताल तथा आवास के भवनों की जर्जर स्थिति को ठीक करने के लिए जिला योजना समिति के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाए। इस अस्पताल की दशा सुधारने के लिए जिलाधिकारी से खनिज फाउंडेशन के अंतर्गत मदद देने की गुहार भी लगाई गई।

बैठक में समिति के सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया, जोहार क्लब के अध्यक्ष केदार सिंह मर्तोलिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डां गौरव कुमार, डां प्रणिता टोलिया, डां कृष्णा, कोषाधिकारी एलएस टोलिया, खंड विकास अधिकारी प्रेम राम, बाल विकास परियोजना अधिकारी हीरा शाही, फार्मासिस्ट ललित बृजवाल, डीपीओ प्रताप बिष्ट, लिपिक बोहरा उपस्थित रहे।

# पिंक वैडिंग जोन में लाभार्थी महिलाओं को सौंपी चाबी

नगर संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड फेरी नीति नियमावली मुख्यमंत्री उद्यमिता सहायता समूह योजना को क्रियान्वित करते हुए मुख्य नगर अधिकारी दयानंद सरस्वती के निर्देशन में रोड़ी बेलवाला स्थित मेला कंट्रोल रूम मार्ग पर नगर निगम प्रशासन द्वारा बनाए गए महिला पिंक वेंडिंग जोन में लाभार्थी महिलाओं को विधिवत रूप से पिंक वेंडिंग जोन को विकसित कर रही कंपनी किरण सॉफ्टवेयर सलूशन



के मुख्य प्रबंधक अभय सिंह द्वारा सभी महिला स्ट्रीट वेंडर्स को दुकानों की चाबी व्यापार संचालन के लिए सौंपी गई।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष टाउन वेंडिंग कमेटी सदस्य संजय चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना राष्ट्रीय आजीविका मिशन उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा रोड़ी बेलवाला में यह महिला स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वेंडिंग जोन विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राज्य सरकार की ओर से विकसित किए गए पिंक वेंडिंग जोन व चंडी घाट मार्ग कि न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन के लोकार्पण उद्घाटन प्राथमिकता के आधार पर किया जाना उचित होगा इस अवसर पर किरण सॉफ्टवेयर सलूशन के मुख्य प्रबंधक अभय सिंह ने कहा अंतिम चरण में 30 स्ट्रीट वेंडर्स महिलाओं को इस पिंक वेंडिंग जोन में समाहित किए जाने को लेकर बैंक लोन प्रक्रिया प्रचलन में है जैसे ही अन्य औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी इसी के साथ निगम प्रशासन के अनुबंध कि नियम शर्तों का पालन करते हुए बिजली, पानी, सीसीटीवी कैमरा आदि व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी। पिंक वेंडिंग जोन की दुकानों की चाबी पाने वाली लाभार्थी महिलाओं में पूनम माखन ,कामिनी मिश्रा ,सीमा देवी, नीतू अग्निहोत्री ,भारती देवी, नेहा, श्रीमती तनु चोपड़ा, गीता देवी, सरिता रस्तोगी सहित सहयोगी के रुप में लघु व्यापारी नेता मनोज मंडल, सचिन राजपूत ,राजेंद्र पाल, मोहनलाल ,जय सिंह बिष्ट आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

यो अद्रिभित्प्रथमजा ऋतावा बृहस्पतिराङ्गिरसो हविष्मान्।
द्विबर्हज्मा प्राघर्मसत्पिता न आ रोदसी वृषभो रोरवीति।।
(ऋग्वेद ६-७३-१)

एक शासक को सूर्य की तरह होना चाहिए जो बादलों को तोड़ता है और प्रकाश को फैलाता है। जो दुष्टों का संहार करें और अच्छे मनुष्यों का रक्षण और उनका पालन करें। न्याय का शासन स्थापित करें। पृथ्वी के तुल्य क्षमा शील और प्रतापी हो। ऐसा राजा पिता के समान होता है।

A ruler should be like the sun that breaks the clouds and spreads the light. One who destroys the wicked and protects and, nourishes the noble people. The one who establishes the rule of justice. The one who forgives and is majestic as the earth. Such a king is like a father to the subjects. (Rig Veda 6-73-1)

## दो नाबालिग लापता

देहरादून (सं)। घर से बिना बताये दो नाबालिग गायब हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय पार्क निवासी अमरजीत ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहने गत दिवस 6 बजे सायँ को मेरी बहन उम्र 14 वर्ष व 16 वर्ष घर से बिना बताये कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला है। घर से बैग और 7500 रूपये लेकर गयी है। अब तक घर वापस भी नहीं आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# टिहरी विधायक ने किया कालिंका मेले का शुभारंभ

नई टिहरी (आरएनएस)। रानीचौरी में आयोजित एक दिवसीय कालिंका मेले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि स्थानीय लोगों ने विकास मेले के रूप जो शुरूआत की है। सभी के प्रयास से यह मेला विकास मेला बनेगा। वैसे भी मेले हमारी पहाड़ की संस्कृति के द्योतक रहे हैं। मेले के शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री मोदी के लोकल फार वोकल की सोच के मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री सतत आजीविका प्रशिक्षण के तहत १५ दिवसीय जैम और जैली प्रशिक्षण का शुभारंभ में मेले के मौके पर किया गया। राड्स संस्था की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी बबीता शाह ने कहा कि युवतियां प्रशिक्षण से जुड़कर भविष्य बेहतर बना सकती हैं। प्रशिक्षण लेकर जैम, जैली और आचार तैयार कर रोजगार से जुड़ा जा सकता है। प्रशिक्षकों ने मौके पर खाद्य संरक्षण की जानकारी ग्रामीण महिलाओं को वृहत रूप से दी। समाज सेवी सुशील बहुगुणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सतत आजिविका परियोजना के तहत महिलाओं कम से कम प्रतिमाह १५ हजार रुपये की आय का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण के लिए मौजूद महिलाओं को सामग्री बनाने सामग्री व संसाधन भी दिये गये। इस मौके पर सुधीर बहुगुणा, महेश नेगी, जगदम्बा ममगाई, ललित सुयाल, विक्रम राणा, मनीष बहुगुणा, अरविन्द, प्रवीण बहुगुणा, प्रभा रतूड़ी, सुनीता बहुगुणा, सरिता कोठारी, कुंभीभाला भट्ट, संगीता, ज्योति, मीना, अंजलि, प्रतिमा, मोनिका, मंजू मेघना, दुर्गा गायत्री, अनिता, अंकिता, संजिता आदि प्रशिक्षण सहित मेले की गतिविधियों में शामिल रहे।

# चारधाम यात्रा शुरू, नहीं खुला बिराजकुंज के शौचालय का ताला

चमोली (आरएनएस)। बदरीनाथ हाईवे पर चार धाम यात्रा के पड़ावों में शामिल बिराजकुंज में सुविधा हेतु शौचालय का निर्माण तो कराया गया, लेकिन सिस्टम की लापरवाही के चलते शौचालय का ताला नहीं खुल पाया। हालांकि पिछले दो सालों से कोविड में लोगों और यात्रियों का ध्यान इस ओर नहीं गया। लेकिन इस बार यात्रा के विधिवत संचालन के बाद बिराजकुंज के व्यापारियों ने शौचालय के संचालन की मांग उठाई है। बदरीनाथ हाईवे पर करीब तीन दशक पहने ढाबा संस्कृति के तहत बसे बिराजकुंज आज के स्थायी पड़ाव के रूप में स्थापित हो चुका है। स्थानीय व्यापारी देवी पंत, संजय सती आदि का कहना है कि घने पेड़ों की छांव और पास में बहते गदेरे से यहां भारी संख्या में श्रद्धालु अल्प विश्राम के लिए रूकते हैं। ग्रामीणों की मांग पर श्रद्धालुओं के लिए यहां पर्यटन विकास परिषद द्वारा शौचालय का निर्माण किया गया। जिसमें शौचालय, स्नानागार एवं यूरेनल का निर्माण किया गया। लेकिन यात्रा शुरू होने बावजूद यहां शौचालय का ताला नहीं खुल पाया है। दूसरी ओर एसडीएम संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही संबधित क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# केदारनाथ हेतु हेली सेवाएं भी हुई शुरू

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यहां के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को ६ हेली कंपनियों ने सेवाएं देने शुरू कर दी है। पहले दिन हेली कंपनियों ने दिनभर उड़ाने भरी। जबकि गुरुवार को भी हेली सेवाएं यहां उड़ान भरती रही। केदारनाथ धाम के लिए केदारघाटी के विभिन्न हेलीपैडो से ६ हेली कंपनियां हेली सेवाएं दे रही है। इनमें फाटा से पवनहंस, चिप्सन, थम्बी, पिनैकल, गुप्तकाशी से एरो, आर्यन और शेरसी से हिमालय हैली, जेरा, क्रिस्टल कंपनियां सेवाएं दे रहे हैं। पहले दिन हेली कंपनियों से भी बड़ी संख्या में यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे।

# अधिकारी पूरी जानकारी के साथ बैठक में हिस्सा लें: डीएम

पौड़ी (आरएनएस)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों के आधी अधूरी जानकारी के साथ आने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। डीएम ने कहा कि अधिकारी पूरी जानकारी के साथ बैठक में हिस्सा लें। बैठक में डीएम ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए टीमे बनाकर लगातार चेकिंग करने, लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कहा कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।शुक्रवार को आयोजित बैठक में डीएम डा.विजय कुमार जोगदंडे ने परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, यातायत पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा विभाग आदि के अधिकारियों को जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अधिकारियों के आधी अधूरी जानकारी के साथ आने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को संकरे व जोखिमपूर्ण जगहों पर आवश्यकता अनुसार पैराफिट, रिफ्लेक्टर, पेंटिंग, चौड़ीकरण व सुधारीकरण कार्य पूरा करने, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को चयनित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित व संवेदनशील साइट को जल्द ही ठीक करने व आवश्यकतानुसार चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग: ऋतु खंडूडी भूषण

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग हैं और चाहे कोई भी क्षेत्र हो गुणवत्ता की मांग हर जगह होती हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नई शिक्षा नीति एवं स्कूलों में संस्कृत शिक्षा दिए जाने संबंधित विषय पर भी अधिकारियों से बातचीत की।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्कूलों की व्यवस्था बेहतर बनाने एवं अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने के संबंध में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के संग समीक्षा बैठक की।



विधानसभा भवन, देहरादून में आयोजित बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा की समीक्षा बैठक ली। जिसमें विभागीय ढांचा, विद्यालय भवनों, शिक्षकों, स्मार्ट क्लासेज, शौचालय, फर्नीचर एवं पुस्तकों की व्यवस्था सहित तमाम बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय के आधार पर अध्ययनरत छात्रों की संख्या एवं उसमें अध्यापकों की स्थिति के बारे में भी विधानसभा अध्यक्ष को अवगत किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सभी स्कूलों के भवनों की स्थिति एवं ढांचागत सुविधाओं के बारे में पूछे जाने पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लगभग 8 करोड रुपए की लागत से सभी 71 विद्यालयों की स्थिति को सुधारा जा सकता है जिसमें कि 27 अतिरिक्त कक्ष भी बनाए जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 8 करोड़ की लागत से इन सभी स्कूलों के भवन मरम्मत से लेकर अन्य सभी आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अस्थापना सुविधा विकसित करने, स्मार्ट क्लासेस बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के भविष्य को लेकर शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता नहीं होगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक समाज की मांग हैं और चाहे कोई भी क्षेत्र हो गुणवत्ता की मांग हर जगह होती हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नई शिक्षा नीति एवं स्कूलों में संस्कृत शिक्षा दिए जाने संबंधित विषय पर भी अधिकारियों से बातचीत की। इस अवसर पर विद्यालयी शिक्षा के महानिदेशक बंशीधर तिवारी, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक आरके कुंवर, अपर निदेशक एमएस बिष्ट, अपर निदेशक एसपी खाली, खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अभिषेक शुक्ला, मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी डॉ आनंद भारद्वाज, अपर निदेशक बेसिक वी एस रावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने खाण्ड गांव पुलिस के पास चैकिंग के दौरान एक्टिवा सवार दो युवकों को रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 11 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जगवीर सिंह पुत्र मूर्ति सिंह व देवेन्द्र पोखरियाल पुत्र जीत सिंह पोखरियाल दोनों निवासी श्यामपुर ऋषिकेश बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# 15 दिन के भीतर स्त्रोतों में की गई मैपिंग की रिपोर्ट कराए उपलब्ध

पौड़ी (आरएनएस)। डीएम डा. विजय कुमार जोगदंडे ने कलक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान कैच द रेन जल संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु जिला स्तर पर गठित समिति की बैठक में अधिकारियों को चिह्नित जल स्रोतों का जीआईएस मैपिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि १५ दिन के भीतर स्रोतों में की गई मैपिंग की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। बैठक में डीएम ने कहा कि जल शक्ति अभियान जल संरक्षण, जल की महत्ता की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए शुरू किया गया है। जल संवर्द्धन के लिए जो–जो कार्य किए जाने हैं उसका डेटा तैयार कर उपलब्ध कराएं। कहा कि किए गए कार्यों पर कलर कोड व सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। जिसमें योजना की पूरी जानकारी वर्ष, लागत, योजना का नाम, जल संग्रहण की क्षमता आदि का भी उल्लेख करें। पूरे हुए कार्यों के जीओ टैग करें। जबकि प्रस्तावित कार्यों के कार्य प्रारंभ होने से पूर्व, कार्य पूर्ण होने पर फोटोग्राफ लें। इस दौरान उन्होंने पंचायतीराज अधिकारी को जल संरक्षण के लिए प्रचार–प्रसार करने के लिए वॉल पेंटिंग व पोस्टरों के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ गढ़वाल मुकेश कुमार, सिविल सोहन लाल, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, पीडी स्वजल दीपक रावत, एडीपीआरओ नितिन नौटियाल आदि शामिल थे।

# डीएम ने कोटिगाड़ में जल्दी बोटिंग शुरू करवाने के निर्देश दिये

नई टिहरी (आरएनएस)। जिलाधिकारी इवा श्रीवास्तव ने शुक्रवार को तिवाड़ गांव के कोटिगाड़ में उत्तरायणी भागीरथी विकास समिति के कायक बोट, पैडल बोट व चपु बोट का स्थलीय निरीक्षण कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बोट संचालन की अनुमति प्रदान करने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुये विधिवत यहां पर पूजा–अर्चना की। तिवाड़ गांव की उत्तरायणी भागीरथी विकास समिति ग्राम मरोड़ा टिहरी गढ़वाल एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (टाडा) के बीच हुए अनुबंध के तहत सभी कार्य पूर्ण होने के पश्चात डीएम ने सभी कार्यों का निरीक्षण कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बोट का संचालन करने की अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी जरूरी बोट्स संचालन संबंधी सभी दस्तावेज चेक किये। जिलाधिकारी ने पुनर्वास की बोट्स को एक सप्ताह के भीतर समिति को हैंडओवर करने का आश्वासन देते हुए समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार को इन बोट्स को एक माह के अन्दर सुसज्जित कर पर्यटकों के लिए तैयार करने को कहा, ताकि पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही झील में पर्यटकों को कोटि के साथ–साथ नए स्थान पर नई बोट का आनंद लेने का लाभ भी मिलेगा और आने वाले भविष्य में स्थानीय स्तर पर लोगो को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि कोटीगाड़ में बोटिंग प्वाइंट पर स्वयं सहायता समूहों के द्वारा स्थानीय उत्पादों की दुकानें लगाकर स्वरोजगार के साथ ही आर्थिकी मजबूत की जा सकती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार की आस–पास के २७ गांवों के लिए यह प्रयास मिल का पत्थर साबित होगा। कुलदीप सिंह पंवार ने बताया कि समिति ने कायक बोट, पैडल बोट, चपु बोट सहित १४ प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कहा कि जल्द ही बोटों को पर्यटकों के लिए शुरू कर दिया जायेगा। इस मौके पर एसडीएम अपूर्वा सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भण्डारी, ग्राम प्रधान तिवाड़ गांव संगीता रावत, समिति सचिव दिनेश चन्द्र पंवार, टाडा के नवीन नेगी, नरेन्द्र रावत, विजय पाल नेगी, दिलबर पंवार, विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

# पति और दोस्तों के साथ बिपाशा ने मनाई अपनी 6वीं शादी की सालगिरह

विवाह का बंधन सबसे पवित्र बंधनों में से एक कहा जाता है। अगर पति पत्नी के सोच, विचार और कदम सबकुछ मिल जाए तो दोनों को जिंदगी जीने का स्वाद और भी बढ़ जाता है। पति करण सिंह ग्रोवर संग ऐसी लाइफजीते बिपाशा बसु को 30 अप्रैल को पूरे 6 वर्ष हो चुके है और कपल एक दूसरे के साथ बहुत खुश है। 6वीं सालगिरह पर बिपाशा-करण ने दोस्तों संग देर रात खूब पार्टी की और इस अवसर पर अभिनेत्री अपने विवाह का खूबसूरत वीडियो साझा कर पति के लिए खास पोस्ट लिखा। अभिनेत्री द्वारा शेयर किए गए ये दोनों वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल होने लग गया है।



वीडियो साझा कर बिपाशा ने कैप्शन में पोस्ट किया- मेरे चेहरे पर और मेरी आंखों में मुस्कान के लिए धन्यवाद करण सिंह ग्रोवर। जिस दिन से मैं तुमसे मिली हूं, यह गजियन बार उज्जवल हो गया है मैं तुम्हें अभी और हमेशा के लिए प्यार करती हूं. करण ने अपने विवाह का वीडियो साझा कर बिपाशा के नाम खास पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा- मेरे होने और मुझे पूरी दुनिया में सबसे भाग्यशाली, सबसे खुश और सबसे प्रिय व्यक्ति बनाने के लिए धन्यवाद बिपाशा बसु. मैं हर रात यह सोचकर सोता हूं कि मैं आपसे और प्यार नहीं कर सकता और फि मैं हर सुबह यह महसूस करता हूं कि मैं कल रात कितना मूर्ख था क्योंकि मैं निश्चित रूप से अब आपसे बहुत अधिक प्यार करता हूं! यह एक दुष्चक्र है! 6वीं सालगिरह मुबारक हो मेरे प्यार! जिसके साथ अलावा सेलिब्रेशन वीडियो में दिखाई दे रहा है कि देर रात कपल ने किस तरह दोस्तों संग धमाल मचा दिया है। करण-बिपाशा ने खूबसूरत केक काट अपनी सालगिरह मनाई है। इस बीच अभिनेत्री ग्रीन नाइटी ड्रेस में कूल दिखीं। वहीं करण ब्लैक शर्ट और डेनिम पैंट में कैजुअल नज़र आए। फैंस कपल के इन वीडियोज को खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर उन्हें सालगिरह के लिए बधाइयां भी दे रहे हैं।

# फिल्म अच्छी सेंसिबल बनाओ, साउथ फ़िल्में सुपरहिट होने पर सलमान ने दी बॉलीवुड इंडस्ट्री को सलाह

इन दिनों साउथ फिल्मों के चलते बॉलीवुड का रौब कम होने लगा है और अब फैंस के बीच बॉलीवुड का दबदबा कम दिखने लगा है। जी हाँ, आज के समय में दर्शकों को साउथ फिल्में ज्यादा पसंद आ रही हैं और बॉलीवुड कम। बॉलीवुड में अब दम नहीं रहा और यह हम नहीं बल्कि लोगों का कहना है। कुछ समय पहले ही आपने देखा होगा फिल्म पुष्पा द राइज- पार्ट 1, आरआरआर केजीएफचौप्टर 2 ने पर्दे पर खूब धमाल मचाया जबकि बॉलीवुड की कुछ फिल्मों को रिस्पॉन्स नहीं मिला है।

अब इन्ही कुछ चीजों को लेकर दबंग खान ने बॉलीवुड को सलाह दी है, जो तेजी से वायरल हो रही है। जी दरअसल सलमान खान ने कहा कि, निर्माताओं को अच्छी फिल्में बनाने पर अपना पूरा फोकस करना देना चाहिए। जिससे लोग प्रभावित होकर फि से उनकी फिल्में देखेंगे। आप सभी को हम यह भी बता दें कि सलमान ने कहा, दर्शकों को ऐसी फिल्में देने की जरूरत है, जैसी आज की मास आडियंस देखना चाहती है। हालांकि अगर कोई यह बोलकर फिल्म बनाता है कि उनकी फिल्म मास आडियंस वाली फिल्म है, तो उसका ये मतलब नहीं है कि वह मास फिल्म है। वह फिल्म फिल्मकार के दिमाग नजरिए से मास फिल्म हो सकती है, लेकिन दर्शक उसे कैसे किस सोच के साथ देखेंगे यह किसी को नहीं पता। इसलिए फिल्म अच्छी सेंसिबल बनाओ। फि उसको मास क्लास दोनों देखेंगे। वहीँ दूसरी तरफअब अभिनेता की बातों पर फैंस ने प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है और सभी सलमान को बेहतरीन और सही कहने वाला अभिनेता कह रहे हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# नए घर में प्रवेश से पहले कुछ बातों का रखें ध्यान




नये मकान में प्रवेश से पहले या घर खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। वास्तु-ज्योतिष के अनुसार मकान क्या लाभ एवं हानि देते हैं इस पर विचार करना आवश्यक है। घर लेते समय एवं निवास में प्रवेश के बाद कुछ बातों का विशो ध्यान रखना चाहिये। किसी भी रास्ते का अथवा गली का अंतिम मकान अशुभ होता है, यह कट देने वाला होता है, (जहाँ रास्ता न हो)। एक ही दीवार से दो मकान बने हुए हों,(संयुक्त हों) तो वह यमराज के समान कट देने वाले होते हैं। मालिक कट में रहता है। मकान पूर्व में उत्तर में हमेशा नीचा एवं पश्चिम में ऊँचा होना चाहिए। मकान दक्षिण में यदि ऊँचा है तो धनवृद्धि एवं पश्चिम में नीचा है तो धन का नाश करता है।घर के चारों तरफएवं मेन गेट के सामने कुछ जगह छोड़ना चाहिए, यह लाभदायक रहती है।घर ऐसा बनाना चाहिए जिसमें मंदिर, के स्थान (देवालय) में सूर्य किरणें पड़ें, वरना अशुभ होता है।

हमेशा याद रखें पश्चिम से पूर्व की तरफ जो मकान लंबा होता है, वह श्सूर्यबेधीश् कहलाता है एवं उत्तर से दक्षिण की ओर वाला मकान श्चंद्रबेधीश् कहलाता है। शास्त्रों के अनुसार चंद्रबेधी मकान शुभ होता है। मकान में यदि आप आँगन छोड़ते हैं तो ध्यान रखें वह चंद्रबेधी हो। मकान के कुछ भाग में मिट्टी अवश्य होना चाहिए। पंचक में घर को लीपना, पुताई करना, जलाऊ लकड़ी लाना अशुभ होता है। (पंचक धनिठा, शतभिा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद एवं रेवती के बीच रहता है।) नए घर में मेन गेट का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि इसके टूटने से स्त्री को कट होता है। नए घर में कोई वस्तु टूट जाती है, तो घर में किसी सदस्य की मृत्यु या मृत्यु समान कट होता है। घर में टूटी खाट, टूटे बर्तन, टूटे-फूटे आसन एवं टूटी सायकल अथवा टूटे वाहन अशुभ फ्ल देते हैं।

घर के अंदर बड़े वृक्ष नहीं होना चाहिए क्योंकि बड़े वृक्ष की जड़ में साँप, बिच्छू अपना स्थान बनाते हैं जोकि अशुभ होता है। व्यक्ति को हमेशा अपने भविय को शुभ मानकर मकान में सच्चे मन से प्रवेश करना चाहिए एवं शांतिपूर्वक जीवन बिताना चाहिए। इसलिए दोनों (पति-पत्नी) घर बनाते या लेते समय मन को साफएवं स्वच्छ रखें एवं अपने इट देवता, कुलदेवता के साथ पितरों का आशीर्वाद लेकर गृह प्रवेश करना चाहिए। आपको घर हमेशा सुख समृद्धि देगा।



# रोजाना 2 केले खाने के 10 बड़े फायदे

केला नेचरल फूड है जिसमें एनर्जी बहुत ज्यादा होती है। केले में थाइमिन, रिबोफ्लेविन, नियासिन और फॉलिक एसिड के रूप में विटामिन ए और विटामिन बी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। केला ऊर्जा का सबसे अच्छा स्रोत माना जाता है। दो छोटे केलों में फाइबर की मात्रा एक ब्रेड के बराबर होती है?

यह ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करता है? केला लो ब्लड कॉलेस्ट्रोल में फायदेमंद है। दरअसल केले में विटामिन सी, विटामिन ए, पौटेशियम और विटामिन बी6 होता है। केला मैग्नेशियम का अच्छा स्रोत है, इसलिए यह बहुत जल्दी पच जाता है और आपके मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखता है। फाइबर लोअर ब्लड कॉलेस्ट्रोल को कंट्रोल करने में कारगर है।

## शब्द सामर्थ्य -062


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |



# फैशन वीक में तारा के रैम्प वॉक ने लगा दी आग

बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने बॉम्बे फैशन वीक 2०22 फाइनल डे पर शो स्टॉपर बन अपने हुस्न के जलवे बिखेरती हुई दिखाई दी है। तारा ने इस फैशन शो में डिज़ाइनर डॉली जे के लिए रैंप वॉक करते हुए नज़र आई है। हमेशा ही अपने लुक्स से चलते चर्चाओं में रहने वाली तारा ने इस दौरान थाई हाई स्लिट ड्रेस कैरी की थी इसमें बैक पर कटआउट था। इस ड्रेस में वह अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करती हुई और भी ज्यादा खूबसूरत दिख रही थी।

तारा ने ड्रेस से मैचिंग गोल्डन मेकअप कर रखा था। इस बीच उन्होंने अपने बालों को खुला रखा था। फैंस तारा की इन फोटोज को बहुत पसंद कर रहे हैं। वर्कफ़्रंट के बारें में बात की जाए तो तारा की मूवी हीरोपंती 2 हाल ही में रिलीज की गई है। इस मूवी में तारा टाइगर श्रॉफ के अपोजिट दिखाई दिए।

इससे पहले तारा सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की डेब्यू मूवी तड़प में नजर आई थीं। पर्सनल लाइफ के बारें में बात की जाए तो तारा करीना कपूर के कजिन अरमान जैन को डेट कर रही हैं। दोनों हमेशा साथ दिखाई देते है और सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे के लिए प्यार जताते रहते हैं।

# दिब्येंदु भट्टाचार्य ने शुरू की अपनी अपकमिंग मूवी की शूटिंग

सिद्धार्थ सेनगुप्ता डिज़्नी+ हॉटस्टार पर एक वेब सीरीज़ के लिए कमर कस चुके हैं, इसका नाम कभी आर कभी पार कहा जा रहा है। जबकि श्रृंखला कुछ वक़्त से सुर्ख़ियों में बनी हुई है, इसमें कथित तौर पर सुमीत व्यास, आशीष विद्यार्थी, आदित्य रावल और पत्रलेखा पॉल शामिल होने वाली। सुनने में आया है कि दिब्येंदु भट्टाचार्य जो कि रॉकेट बॉयज़ में तथा लूप लपेटा में अपने अभिनय के लिए लोकप्रिय हुए है अब वे अन्य लोगों के साथ इस शो का भाग होने वाले है।

प्रोडक्शन के करीबी सूत्रों का कहना है कि वह इस समय अजरबैजान के बाकू में शूटिंग शुरू कर चुके है और टीम ने सीरीज का पहला शेड्यूल शुरू कर चुके है। सीरीज के बारे में अधिक जानकारी फिलहाल गुप्त ही रखा था। अच्छी बात तो यह है कि दिब्येंदु और सिद्धार्थ के लिए यह दूसरा सहयोग होने वाला है, क्योंकि उन्होंने अनदेखी 1 में एक साथ कार्य भी किया है।

दिब्येंदु ने शो में डीएसपी घोष के अपने किरदार के लिए बहुत वाहवाही बतौर रही है। भट्टाचार्य बहुत बिजी रहते हैं क्योंकि वह जामताड़ा के सीजन 2, खुदा हाफिज चैप्टर 2 और रूङ्ग प्लेयर के लिए एक शो सहित बैक टू बैक प्रोजेक्ट्स की शूटिंग शुरू कर चुके है। वह वास्तव में इस वक़्त वेब स्पेस के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक है और बेहद विविध भूमिकाएँ कर रहे है।

# फैशन वीक में शिल्पा के हुस्न और रैम्प वॉक ने उड़ाए फैंस के होश

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बी-टाउन की हॉट एड फिट मॉमस में से एक कही जाती है। शिल्पा की फिटनेस देख कोई अंदाज नहीं लगा सकता कि उनके 2 बच्चे भी है। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने बॉम्बे फैशन वीक 2०22 फाइनल डे पर अपनी अदाओं से रैंप पर आग लगा चुकी है। 46 वर्ष की आयु में भी शिल्पा शेट्टी की खूबसूरती देखने काबिल थी। जैसे ही शिल्पा रैंप पर उतरी हर कोई बस उन्हें देखता ही रहा।

शिल्पा शेट्टी ने डिजाइनर गोपी वैद्य के लिए रैंप वॉक कर रह थी। लुक्स के बारें में बात की जाए तो शिल्पा ने आइवरी बेस का लहंगा पहना था जिस पर ब्लू और रेड का वर्क किया हुआ है। लहंगे के साथ शिल्पा ने शॉर्ट मैचिंग चोली भी पहन रखी थी उनकी पतली कमर पर हर किसी की निगाहें थम गई थी।

शिल्पा शेट्टी ने इस लहंगे के संग दुपट्टा कैरी नहीं किया था लेकिन वो इस लहंगे में इतनी स्टनिंग दिखाई दे रही थी कि दुपट्टे को किसी ने मिस भी नहीं किया। मेकअप के बारें में बात की जाए तो शिल्पा ने स्मोकी आईज, न्यूड लिपस्टिक से लुक को कम्पलीट कर रखा था। जिसके साथ उन्होंने कर्ली वेवी हेयर लुक को कैरी कर रखा था। शिल्पा शेट्टी को ग्लैमरस अंदाज में रैंप पर देख हर किसी की निगाहें उन्हीं पर टिकी रह गईं। रैंप पर शिल्पा ने एक से बढ़कर एक पोज दिए। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

# एक बार फिर एक साथ स्पॉट हुए ऋतिक और सुजैन!

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और सुजैन खान ने वर्ष 2०14 में अपना 14 वर्ष लम्बे विवाह को तोड़ा। कपल के तलाक की खबर ने हर किसी को हैरान कर चुकी थी। ऋतिक रोशन और सुजैन खान के 2 बेटे रिहान और रिदान हैं। दोनों ने भले ही तलाक ले लिया हो लेकिन एक डोर है, जिसकी वजह से वह आज तक अलग नहीं हो पाए है और वह हैं उनके बच्चे। अपने इन दोनों बच्चों के लिए कई बार आपस में मिल रहा है। हाल ही में एक बार फिर इस एक्स कपल को दोनों बेटों के साथ देखा जा चुका है। मौका था ऋतिक-सुजैन के छोटे बेटे रिदान के जन्मदिन का। 1 मई को रिदान का 12वां बर्थडे था।



दोनों इसे सेलिब्रेट करने के लिए फैमिली लंच पर गए हुए थे। इस बीच की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी है। लंच डेट के दौरान ऋतिक का कूल लुक देखने के लिए मिल रहा है। ऋतिक ब्लैक टी-शर्ट, डेनिम पैंट में दिखाई दिए। वहीं सुजैन व्हाइट एंड ब्लैक टॉप और ब्लू जींस में स्टाइलिश नज़र आई। सुजैन अपनी गाड़ी की तरफ जा रही थीं तो वहीं ऋतिक उनके पीछे चल रहे थे।

देर रात को सुजैन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटे रिदान के लिए एक पोस्ट भी साझा की। उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया था। कैप्शन में सुजैन ने लिखा-मेरे बर्थडे बॉय को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाईयां। आप ऐसे ही तरक्की करें और आगे बढ़ें। गौरतलब है कि सुजैन खान और ऋतिक रोशन ने वर्ष 2००० में विवाह किया था लेकिन रिश्ते ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने वर्ष 2०14 में एक दूसरे से तलाक लेकर अलग हो गए थे। अगल होने के उपरांत भी दोनों हमेशा अपने बच्चों के साथ खड़े दिखाई देते है। तलाक के उपरांत भी दोनों अपने बच्चों की परवरिश अच्छे से कर रहे हैं और वह साथ में छुट्टियां बिताते हुए भी देखे जाते हैं।

# फराह खान ने की गर्ल गैंग संग जबरदस्त पार्टी




बॉलीवुड की डीवाज पार्टी करने का कोई भी खास अवसर अपने हाथ से नहीं जाने देती है. पार्टी अगर गर्ल गैंग के साथ हो तो मजा ही अलग लेवल का ही देखने के लिए मिलता है. बॉलीवुड की मोस्ट फेमस कोरियोग्राफर फराह खान ने भी अपनी गर्ल गैंग संग खूब हंगामा मचाया है, जिसकी झलक उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस संग साझा कर दी है.

गर्ल गैंग संग फराह खान की पार्टी- फराह खान की गर्ल गैंग पार्टी का भाग बनी है. हुमा कुरैश,अदिति राव हैदरी और पत्रलेखा. फराह ने सभी अभिनेत्री संग अपनी आउटिंग की तस्वीर और वीडियोज साझा कर दी है. फोटो में हुमा कुरैशी, फराह खान और अदिति राव हैदरी ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करती हुई दिखाई दे रही है, जबकि पत्रलेखा व्हाइट प्रिंटेड ऑफ शोल्डर टॉप और डेनिम में गॉर्जियस लग रही हैं. सभी एक बड़ी सी स्माइल के साथ एक दूसरे संग पोज देती हुई दिखाई दे रहे है. हुमा कुरैशी ने रोस्टोरेंट में तोड़ी प्लेटें- तस्वीरों के अलावा फराह खान ने अदिति और हुमा की एक मजेदार वीडियो भी साझा कर दिया है. वीडियो में दोनों अभिनेत्री किसी रेस्टोरेंट में प्लेट्स तोड़ती हुई दखाई दे रही हैं. हुमा कुरैशी ने भी अपनी आउटिंग से अपनी सोलो पिक्चर्स अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं. ब्लैक ड्रेस संग प्रिंटेड श्रग में हुमा सुपर स्टनिंग लग रही हैं.

# अमेजन प्राइम ओटीटी प्लेटफार्म ने खरीदे पठान के डिजिटल राइट्स

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान इन दिनों अपनी नयी फिल्म को लेकर सुर्ख़ियों में है। जी हाँ और उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म का नाम पठान है। यह फिल्म साल 2०23 में रिलीज होने वाली है, हालाँकि किंग खान ने इसका प्रमोशन अभी से करना शुरू कर दिया है। आप सभी को बता दें कि हर दिन फिल्म को लेकर नयी खबरें भी आ रहीं हैं। कुछ दिन पहले शाहरुख़ की इस फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी। जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। और अब ताजा रिपोर्ट है कि उनकी फिल्म पठान के डिजिटल राइट्स का सौदा भी हो चुका है। जी हाँ और ये डील करोड़ों में फाइनल हुई है।




सामने आने वाली रिपोर्ट के बाद पता चला है कि फिल्म निर्माताओं ने पठान के राइट्स की डील ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम के साथ तकरीबन 2०० करोड़ से ज्यादा में की है। जी हाँ, सुनकर आपको यकीन तो नहीं हो रहा होगा लेकिन यह सच बताया जा रहा है। हालाँकि अब तक निर्माताओं या शाहरुख खान की तरफ से इस बारे में कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। आप सभी को बता दें कि काफी समय बाद शाहरुख खान फिल्म पठान से अपनी वापसी कर रहे हैं। वहीं इस बार किंग खान एक बार फिर से सुपरहिट एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन शेयर करते दिखाई देंगे।

कहा जा रहा है फिल्म में शाहरुख का लुक बेहद ही दमदार होने वाला है। वहीं उनके और दीपिका के अलावा भी फिल्म में कई कलाकार दिखाई देने वाले हैं। जी दरअसल फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया, आशुतोष राणा, जॉन अब्राहम और सलमान खान भी दिखाई देंगे और इस फिल्म के अलावा शाहरुख़ के पास एटली कुमार की फिल्म लॉयन और राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी भी हैं।

# आठ अरब समस्याएं!

हरिशंकर व्यास

मनुष्य ने जो किया है और वह जो करते हुए है उसमें उसकी आदिम और यांत्रिक क्रियाओं का बड़ा रोल है। मनुष्य ने अपनी प्रकृति में और नेचर बनाम नर्चर के परस्पर विरोधी खिंचावों में आत्मघाती दुष्चक्र बनाए है।.. न यह सोचना गलत है कि आठ अरब लोग पृथ्वी की आठ अरब समस्याएं है और न यह मानना गलत है कि होमो सेंपियन के छह हजार साला सफर के मौजूदा मुकाम का बिखराव प्रलय की स्थितियां बनवाते हुए है।

सवाल है जितने सकंट है, उनकी फेहरिस्त में एक-एक संकट पर सोचे या उस वजह को पकड़े जिससे सब संकट है? अपना मानना है कि सभी संकटों की जड़ मनुष्य है। वही समस्याओं की वजह है। उसी के कारण पृथ्वी और मानव अस्तित्व प्रलय के मुहाने पर है। बावजूद इसके मनुष्य जिम्मेवारी लेने को तैयार नहीं! पृथ्वी की आठ अरब आबादी में हर व्यक्ति समस्या है! उसके वैयक्तिक व्यवहार की भूख और सामूहिक विवेकहीनता ने पृथ्वी को समस्याओं का ग्रह बनाया है। वैयक्तिक और सामूहिक क्लेश, विद्धवेश, दुर्भावनाओं व संघर्ष की वजह से मानव जीवन और पृथ्वी दोनों संकट में है।

निश्चित ही होमो सेपियन का जीवन सफर समस्याओं के समाधान की दास्तां भी लिए हुए है। ज्यों-ज्यों मनुष्य सचेत होता गया, उसकी भूख बढ़ी और आवश्यकताओं में आविष्कार हुए। और जीवन जंजाल बनता गया। मनुष्य का स्वभाव बदला। वह समर्थ बना। विकास के शिखर पर पहुंचा। लेकिन बिना अपनी मूल प्रकृति को सुधारे हुए। सभ्य बनते हुए भी वह घूमफिर कर आदिम, असुरी, वहशी याकि सैवज और बर्बर अवस्था में बार-बार लौटा और लड़ाईयां लडी। संहार और स्वामित्व के औजार बनाए। नरसंहार, आत्मसंहार, शोषण, दोहन और असमानताओं की क्षमताएं बढ़ती गई। मनुष्य ने न अपना ध्यान रखा और न प्रकृति का ख्याल किया।

कह सकते है मनुष्य ने जो किया है और वह जो करते हुए है उसमें उसकी आदिम और यांत्रिक क्रियाओं का बड़ा रोल है। इहलोक का विकास मनुष्य और पृथ्वी के संग-संग का नहीं है बल्कि डाल-डाल व पांत-पांत के संघर्ष से है। मनुष्य ने अपनी प्रकृति में और नेचर बनाम नर्चर के परस्पर विरोधी खिंचावों में आत्मघाती दुष्चक्र बनाए है। मानव समाज के भीतर जहां अमानवीय व्यवस्थाएं बनी वही पूरी मानवता तथा पृथ्वी के संहार की खाईयां भी खुदी।

इस सबको मनुष्य झूठलाते हुए है। उसे और उसकी माईबाप सत्ता को न विजड़म और न सुध कि वह मानव सभ्यता को किस और ले जाते हुए है। सब जोखिमों में जी रहे हैं लेकिन दिल-दिमाग में यह चिंता रैखिक रूप में नहीं है। 14० करोड़ लोगों की भीड़ यह समग्र चिंता लिए हुए नहीं होती कि महामारी में कितने लोग मरे है। वे केवल वैयक्तिक व परिवार पर सोचते हुए होंगे। पृथ्वी के अस्तित्व की चिंता आठ अरब लोगों की आठ अरब गुना चिंता नहीं है। इसलिए कि व्यक्ति को अपने दरवाजे पर प्रलय की लहर नहीं दिख रही। न ही वह भावी पीढियों का भविष्य सोचता हुआ होती है। पिछली सदी में दूसरे महायुद्ध में पांच करोड लोग मरे थे। यूक्रेन की मौजूदा लड़ाई यदि तीसरे महायुद्ध में बदले तो क्या खतरा होगा, इसे बूझा जा सकता है। लेकिन आठ अरब लोगों की भीड़ का खतरे से दुबला होना भला कैसे संभव?

ऐसी चिंताएं वैश्विक मंचों का विषय होती है। लेकिन बहुसंख्यक मनुष्य सोच में ये प्रलयकारी संकट रजिस्टर नहीं है। इसलिए उनका स्वभाव नहीं बदल सकता है। इसलिए पृथ्वी को बचाने का निश्चय, जज्बा और संसाधनों का प्रबंधन होता हुआ नहीं है। किसी भी संकट का रियल समाधान संभव नहीं है। अनुभव होते हुए भी यथास्थिति में मानवता जीते हुए होती है।

जैसे उर्जा संकट का त्राहीमाम पुराना है। सभी देश तेल और गैस के मंहगे होने व बिजली की कमी से परेशान है। हिसाब से इजराइल-अरब की पहली लड़ाई से ही पेट्रोलियम पदार्थो के मंहगे होते जाने का वैश्विक आबादी को अनुभव है। इससे बाहर निकलने के कई विकल्प है। लेकिन उनका सिरे चढना इसलिए संभव नहीं हुआ क्योंकि आठ अरब लोगों की मानवता में जिन समझदार-विज्ञानी लोगो को तेजी से अनुसंधान और विकास करना था वहां (अमेरिका) तेल-गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। तेल कंपनियों का दबदबा है। नतीजतन विकास धीमी गति से बढता हुआ है। तभी 95 प्रतिशत आबादी न केवल महंगे जीवाश्म ईंधन को फूंकते हुए है बल्कि अपने हाथों पृथ्वी को गरम बनाते हुए भी है। पनबिजली और माइक्रो-हाइड्रो सौर, पवन, भू-तापीय, तरंग, ज्वार, सेल्यूलोसिक इथेनॉल जैसे स्वच्छ, टिकाऊ, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत दशकों से मालूम है। सबको पता है कि इनके उपयोग से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटेगी। सस्ती उर्जा मिलेगी। लेकिन जिनकी बुद्धी से संसाधन और विजड़म संभव है, उनका निश्चय नहीं हुआ तो दशकों से ढ़ाक के तीन पांत।

इस अदूरदर्शिता ने सीओटू का संकट बनाया। अब पर्यावरण बिगडने की रियलिटी को हर कोई अनुभव करता हुआ है। लेकिन समझ का टोटा जस का तस। आठ अरब लोगों में कितनों को सुध है कि इस सदी में सीओटू से वायुमंडल में सांद्रता पिछले 6,5०,००० वर्षों की तुलना में अधिक है। वर्तमान होलोसीन एक्स्टिकेशन इवेंट (65 मिलियन साल पहले डायनासोर के विलुप्त होने के बाद से सबसे खराब जलवायु परिवर्तन का वक्त) को धीमा या समाप्त करना इंसान के बूते संभव ही नहीं है। इसलिए जीव जगत की कई तरह की प्रजातियां विलुप्त हो रही है तो हो रही है कोई कुछ नहीं कर सकता।

ऐसे ही ग्लेशियर पिघल रहे है। महासागरों का जल स्तर बढ़ रहा है। द्वीपिय देश डुबते हुए है। नार्थ-साउथ पोल, साईबेरिया और ग्रीनलेंड में भी गर्मी होने लेगी है। सभी और तापमान बढ़ रहा है। बदलती जलवायु से जैव विविधता को अलग खतरा है। जल,जमीन, जंगल के दस तरह के नए संकट है। इस सबके बावजूद क्या वैश्विक अलार्म बजाता हुआ है और क्या लोग वैयक्तिक स्तर पर स्वभाव बदलने को तैयार है? जैसे वैज्ञानिक तौर पर प्रामाणिक एक छोटा उदाहरण। मांसाहार पृथ्वी को मंहगा पडता हैं। अमेरिका में मांस के लिए जानवर जितनी फीड़ खाते है वह वहां पैदा होने वाली सोया, मकई और अनाज की 7० से 9० प्रतिशत फसल होती है। जानवरों को खिलाने की फसलों की पैदावार में पानी की आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा और कृषि भूमि का 8० प्रतिशत इलाका खपता हैं। तथ्य यह भी है कि अमेरिका में 66 प्रतिशत लोग मोटापे और वजन की समस्या लिए हुए है। लोग मांस कम खांए तो जहा उनकी सेहत को फायदा है वहीं भूखी दुनिया के लिए भी अनाज बच सकना संभव। खेती और खानपान दोनों की प्रवृति में अधिकाधिक पैदावार, रसायनिक उर्वरकों के उपयोग आदि के पर्यावरणीय असर गंभीर है। उस नाते मनुष्य शरीर व प्रकृति पर प्रभाव को लेकर अमेरिका में जो जागरूकता बननी चाहिए, वह वहां संभव नहीं है तो इसलिए क्योंकि हर मानव सभ्यता-संस्कृति जीने के अपने अंदाज की कहानी में बंधी है।

हां, आठ अरब लोगों का चारदिवारियों में बंटा होना और उनके भीतर सभ्यता-संस्कृति अनुसार जीना कई मायनों में मानव समाज का नंबर एक सकंट है। इसका अतीत और वर्तमान में मानव समाज का भला कम और नुकसान अधिक हुआ है। भूमंडलीकरण के बावजूद मनुष्यों में परस्पर संबंध और संवाद का टोटा है। लड़ाईयों का कारण अपनी-अपनी कहानियों से लोगों का एक-दूसरे से चिढ़े हुए, खुन्नस, खौफ, आंतक, असुरक्षा में जीने का व्यवहार है। च्वेज् और च्हमज् से मानव समाज इतनी तरह बंटा हुआ है कि पृथ्वी इस कारण भी कम घायल नहीं है। लोग परस्पर सहयोग से अधिक प्रतिस्पर्धा, लड़ाई का रिश्ता लिए हुए है। तभी खरबों डालर का प्रतिवर्ष सैनिक खर्च है। क्या यह मामूली संकट है कि परस्पर संदेह, प्रतिस्पर्धा और महत्वकांक्षाओं की संहारक उर्जाओं में लोग जीते हुए है। जब ऐसा है तो मनुष्य वैयक्तिक स्तर पर मेलजोल, बातचीत, भाईचारे में बंधने की वैश्विक कोशिश कैसे कर सकता है?

## सू- दोकू क्र.062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.61का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## चार पार्टियों का तीसरा मोर्चा

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से मुकाबले के लिए एक तीसरा मोर्चा बनने लगा है। अगले लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरे मोर्चे की बातचीत चल रही है और इसकी एक रूपरेखा भी बन गई है। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल इस तीसरे मोर्चे में शामिल दिख रहे हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि वे इसकी थाह ले रहे हैं। वे अंदाजा लगा रहे हैं कि तीसरे मोर्चे के साथ मिल कर लडना ज्यादा फायदेमंद होगा या अकेले लडने की तैयारी रखनी चाहिए। जो प्रादेशिक पार्टियां इस मोर्चे में शामिल होने वाली हैं उनके असर वाले राज्यों में केजरीवाल अपनी पार्टी की संभावना का पता लगा रहे हैं। अगर जरा सी भी संभावना दिखती है तो वे अकेले आगे बढ़ेंगे अन्यथा तीसरे मोर्चे में रहेंगे। शुरुआती बातचीत के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और तेलंगाना राष्ट्र समिति इस तीसरे मोर्चे के घटक हैं और पांचवीं पार्टी राजद हो सकती है। ध्यान रहे तृणमूल की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के लिए चुनाव प्रचार किया था। वे दो बार उत्तर प्रदेश गई थीं, चुनाव प्रचार किया था और अखिलेश के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस किया था। पिछले दिनों वे दिल्ली आईं तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी मुलाकात हुई। अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के आवास पर वे केजरीवाल से मिलीं। बताया जा रहा है कि अखिलेश और केजरीवाल दोनों सिद्धांत रूप में तीसरे मोर्चे के लिए सहमत हैं। अखिलेश को अब कांग्रेस के साथ नहीं लडना है और कांग्रेस को भी प्रशांत किशोर ने समझाया था कि वह उत्तर प्रदेश में अकेले लड़े। चूंकि अखिलेश को अकेले राजनीति करनी है इसलिए उनको ममता बनर्जी या केजरीवाल के साथ रहने में कोई आपत्ति नहीं है। ममता की पार्टी का उत्तर प्रदेश में कोई इंटरेस्ट नहीं है और न बंगाल में सपा का कोई इंटरेस्ट है। तेलंगाना राष्ट्र समिति का तेलंगाना के बाहर किसी राज्य में इंटरेस्ट नहीं है। सपा को दिल्ली या पंजाब में भी चुनाव नहीं लडना है, जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है।

केजरीवाल उत्तर प्रदेश में राजनीति कर सकते हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को आगे करके विधानसभा का चुनाव लड़ा था। उसमें उन्होंने सपा के साथ तालमेल की भी बात की थी। हालांकि तालमेल हो नहीं सका। लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले विधानसभा चुनावों में अगर उनकी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो वे उत्तर प्रदेश में लडना चाहेंगे। वैसे भी उत्तर प्रदेश में लड़े बगैर वे देश भर में भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफलडने का मैसेज नहीं बनवा पाएंगे। अगर इस पेंच को केजरीवाल और अखिलेश सुलझा लेते हैं तो कम से कम ये चार पार्टियां अलग मोर्चा बना कर चुनाव लड़ेंगी।

## सीआर पाटिल को बाहरी बता कर फंसे केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने विवादित बयानों के लिए मशहूर रहे हैं। एक जमाने में उन्होंने देश के तमाम नेताओं को भ्रष्ट बताया था और बाद में बारी बारी सबसे माफी मांगी थी। कई नेताओं से तो उन्होंने लिखित माफी मांगी। लेकिन वे जानते हैं कि बाद में मांगी गई माफी किसी को याद नहीं रहती है। लोग पहले कही गई बात को ही याद रखते हैं। अपनी इस सोच में उन्होंने गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल पर हमला बोला और कहा कि वे महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को गुजरात चलाने के लिए एक गुजराती नहीं मिला।

सोचें, इस बात का क्या मतलब है? यह सही है कि सीआर पाटिल का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था लेकिन वे अब गुजरात में रहते हैं और नवसारी सीट से तीसरी बार रिकॉर्ड अंतर से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। महाराष्ट्र में जन्म लेने की वजह से अगर सीआर पाटिल का गुजरात का अध्यक्ष बनना गलत है तो हरियाणा में जन्मे और पले-बढ़े अरविंद केजरीवाल का दिल्ली का मुख्यमंत्री बनना कैसे सही होगा? केजरीवाल का जन्म हरियाणा के भिवानी में हुआ और पढ़ाई हिसार व सोनीपत में हुई। उनकी पार्टी बड़े शान से उनको हरियाणा का बेटा बता कर हरियाणा में अपना प्रचार करती है।

# करोना काल के मृत्यु आंकड़े सरकार छुपा रही है: नेगी

संवाददाता

देहरादून। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नेगी ने बताया कि कोराना काल में सरकार द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत कर रही है। जिसको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आज यहां कांग्रेस भवन में पत्रकरों से वार्ता करते हुए भूपेंद्र नेगी कहा कि करोना काल में सरकार द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत करके चार लाख लोगों की मृत्यु के बारे में बताया गया जबकि डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कहा गया कि पूरे करोना काल में भारत में 47 लाख लोगों की मृत्यु हुई है। सरकार द्वारा जो इन आंकड़ों को छुपाने का कार्य किया गया यह एक गंभीर विषय है। सरकार को जल्द से जल्द सही आंकड़े देश की जनता के सामने प्रस्तुत करने चाहिए।




उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रकार का कृत्य करके जिन लोगों की मृत्यु हुई है उनके परिजनों एवं उनके साथ छलावा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस भारत सरकार से यह मांग करती है कि वह इस कृत्य के लिए देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे एवं करोना काल के सही आंकड़े लोगों के बीच में प्रस्तुत करें और जिन लोगों की मृत्यु हुई है प्रत्येक व्यक्तियों को 4 लाख मुआवजा उनके परिजनों को देने का काम करें। अगर सरकार द्वारा इस ओर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता है तो युवा कांग्रेस आने वाले समय में पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी इसकी पूर्ण जिम्मेदारी इस देश और प्रदेश की भाजपा सरकार की इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक मीडिया विभाग संदीप चमोली, राष्ट्रीय प्रवक्ता नेहा चौहान, महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता मनजीत सिंह बत्रा, प्रदेश प्रवक्ता लोकगीत कुकरेती, प्रदेश सचिव बलजीत, प्रदेश प्रवक्ता आयुष शिवपाल, प्रदेश महासचिव जितेंद्र नेगी, महानगर महासचिव संतोष भारती, प्रदेश सचिव एनएसयूआई अभय, जिला सचिव समीक दत्ता, जिला महासचिव कृष्ण, वार्ड अध्यक्ष अध्यक्ष शुभम वर्मा आदि मौजूद थे।

# पति की संदिग्ध मौत के मामले में पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रमजान के दौरान ज्वालापुर क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों का आरोप है कि युवक की पत्नी ने ही उसकी हत्या की है।

जानकारी के अनुसार रूकसाना निवासी बकरा मार्किट ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे मेहताब का निकाह 25 नवंबर 2021 को आरजू निवासी शक्ति मोहल्ला रूड़की के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही मेहताब व उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती थी। रूकसाना ने बताया कि 29 अप्रैल की रात साढ़े 11 बजे मेहताब अपनी पत्नी आरजू के साथ कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह तीन बजे जब रूकसाना ने मेहताब को सहरी खाने के लिए उठाने को आवाज लगाई तो मेहताब की पत्नी आरजू ने बताया कि मेहताब की तबियत ठीक नहीं है और वह सो रहा है। इसके बाद रूकसाना वापस आई गई। सुबह नौ बजे रूकसाना ने फिर से मेहताब को आवाज लगाई तो आरजू ने रूकसाना को सोने की बात कह कर वापस लौटाने का प्रयास किया। इसके बाद रूकसाना को शक हुआ तो उसने शोर मचाया और आस पडोस से अपने रिशतेदारों व सगे संबंधियो को बुला लिया। रिश्तेदारों ने जब मेहताब व आरजू के कमरे का दरवाजा खटखना शुरु कर दिया तो आरजू ने बहुत मुश्किल से दरवाजा खोला। कमरे के अंदर जाने पर रूकसाना व अन्य लोगों ने देखा कि मेहताब जमीन पर पडा था और उसने शरीर पर कोई कपड़ा भी नहीं पहना हुआ था। पत्नी ने उसे रजाई से ढका हुआ था। इसके बाद पड़ोसी व रिश्तेदार मेहताब को लेकर भूमानंद अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इस मामले में ज्वालापुर कोतवाली में शिकायत दी। ज्वालापुर कोतवाल महेश जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# 5वीं देवभूमि योग यात्रा केदारधाम पहुंची



नगर संवाददाता

देहरादून। 5वीं देवभूमि योग यात्रा केदारनाथ धाम पहुंच गयी है। 1 मई को हरिद्वार से आरंभ हुई 5 वीं देवभूमि योग यात्रा कपाट खुलने के अवसर पर केदार नाथ धाम पहुंची। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी धर्मपत्नी गीता धामी ने तीर्थ पुरोहितों की गरिमामई उपस्थिति में श्री देवभूमि संजीवनी योग केन्द्र के पोस्टर का बद्रीनाथ धाम में लोकार्पण किया, तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी ने योग आसनों का प्रदर्शन मुख्यमंत्री के सम्मुख किया।

केदारनाथ धाम में देवभूमि संजीवनी योग अभियान का शुभारंभ, देवभूमि उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से वैलनेस का एक बडा हब बनाने के संकल्प के साथ किया जा रहा है, अभियान प्रणेता आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम जी महाराज ने 1 मई को हरिद्वार से यात्रा को रवाना किया था,यमनोत्री और गंगोत्री धाम में यात्रा दल ने विशेष पूजा अर्चना की यमनोत्री धाम, गंगोत्री धाम,केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम यात्रा मार्गों में एक दर्जन से भी अधिक स्थानों में देवभूमि संजीवनी योग केन्द्रों का चयन किया जा चुका है आज यात्रा दल द्वारा केदारनाथ धाम योग के आदि प्रवर्तक भगवान आशुतोष केदारनाथ जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अभियान के द्वारा देश विदेश से योग साधक देवभूमि उत्तराखंड में आयेंगे चार धाम यात्रा के साथ साथ साल भर योग साधकों के आने से स्थानीय लोगों को साल भर रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही चार धाम शीतकाल प्रवास स्थलों पर भी लोग मां गंगा यमुना, बद्री केदार के दर्शन कर सकेंगे। अभियान प्रणेता आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी (टपकेश्वर महादेव देहरादून वाले) ने बताया पलायन रोकने रिवर्स पलायन और स्थानीय लोगों को रोजगार और सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य देने के लिए इस अभियान को आरंभ किया गया है उनका स्वप्न है उत्तराखंड योग और आयुर्वेद का बडा हब बने यहां के गांवो को योग और आयुर्वेद ग्राम के रुप में विकास हो। पहले चार धाम मार्गों फिर सम्पूर्ण उत्तराखंड में अभियान को चलाया जा रहा है, आज के कार्यक्रम में श्री बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, केदारनाथ विधायक आशा रानी रावत, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित श्रीनिवास पोस्ती, केदार सभा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला आदि का विशेष सहयोग रहा। केदारनाथ से देवभूमि योग यात्रा श्री बद्रीनाथ धाम की ओर रवाना हो गई है।

# उत्तराखण्ड जल संस्थान कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा ने उत्तराखण्ड सरकार को किया ज्ञापन प्रेषित

देहरादून (नसं)। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक रमेश बिंजोला के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। ज्ञापन में अन्य पर्वतीय राज्यों की भांति उत्तराखंड जल संस्थान एवं उत्तराखंड पेयजल निगम का एकीकरण कर राजकीय करण करने हेतु अनुरोध किया गया है।

इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के संयोजक श्याम सिंह नेगी, शिशुपाल सिंह रावत, संदीप मल्होत्रा, धन सिंह नेगी, प्रेम कुकरेती, प्रवीण गुसाईं, जगमोहन सिंह बिष्ट, राम चंद्र सेमवाल, रमेश चंद्र शर्मा, भारत सिंह रावत, संजय शर्मा, राजकुमार, धन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश कनोजिया, लाल सिंह रौतेला, धूम सिंह सोलंकी, चतर सिंह, डीपी बद्री, आशीष तिवारी, सतीश, विशंभर सिंह, प्रेम सिंह नेगी, सुभाष सलहोत्रा, संजय कुमार, अमित कुमार, अशोक, हरदयाल, नरेंद्र राजपूत, संपूर्ण सिंह गुसाईं एवं प्रदीप तोमर आदि उपस्थित थे।

# होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन व खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

नगर संवाददाता

देहरादून। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन मसूरी द्वारा रेस्टोरेंट फूड की क्वालिटी एवं सेफ्टी सुधार के विषय पर खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ के साथ जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीसी जोशी द्वारा बताया कि होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन मसूरी द्वारा रेस्टोरेंट फूड की क्वालिटी एवं सेफ्टी सुधार विषय पर एफडीए के अधिकारियों के साथ जागरूकता गोष्ठी की गई।



जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीसी जोशी द्वारा फूड सेफ्टी विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही बताया कि फ्राइड फूड आइटम को बनाने में एक ही तेल को बार-बार गर्म करने से उसका पोलर कंपाउंड बढ़ जाता है जिससे उसमें ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाती है जो कि स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है और हार्ट के लिए काफी नुकसानदायक माना गया है। जिसके कारण उसको प्रतिबंधित किया गया है ऐसे यूज्ड कुकिंग ऑयल के संदर्भ में विभाग द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पैट्रोलियम देहरादून के साथ कार्यक्रम चलाया गया है जिसके तहत व्यापारियों से 25 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीद कर एजेंसी के माध्यम से बायोडीजल बनाने हेतु आईआईपी को दिया जाएगा। सभी व्यापारी खराब कुकिंग ऑयल को पहले अपने स्तर पर एकत्रित कर रखेंगे एवं उपायुक्त गढ़वाल मंडल राजेंद्र सिंह रावत द्वारा पनीर मिल्क प्रोडक्ट में एडल्टरेशन की पहचान की जानकारी दी गई।

होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया है कि सभी व्यापारी फूड सेफ्टी विभाग की गाइडलाइन का पालन करेंगे।




## एक नजर

# देश में महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा लेकिन प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री इस पर नहीं बोल रहेः संजय राउत

नई दिल्ली । देश में ईंधन से लेकर खाने–पीने चीज़ों पर लगातार महंगाई बढ़ रही है। आज ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में५० रुपए की बढ़ोतरी की गई है, जिसके बाद १४.२ किलो वाले सिलेंडर की कीमत ६५० रुपए ही गई। इस बीच महंगाई को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री पर हमला बोला। संजय राउत ने कहा कि देश की बड़ी समस्या महंगाई है लेकिन सत्ताधारी पार्टी के प्रमुख नेता प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री इस पर नहीं बोल रहे। उन्हें बस इस बात की फिक्र है कि पंजाब और महाराष्ट्र की पुलिस क्या कर रही है। सिलेंडर के दाम, बेराज़गारी कितनी बढ़ गई। यूक्रेन–रूस अपना देख लेंगे उस पर बात करने की जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र में बीते दिनों हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर मुद्दे को लेकर मचे विवाद पर शिवसेना नेता ने कहा, महाराष्ट्र में शांति है, कुछ लोग राज्य के हालात बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन लोगों ने उन्हें करारा जवाब दिया। इसके बारे में एक नीति बनाई जानी चाहिए।



# दो मंजिला इमारत में लगी आग, झुलसने से हुई 7 लोगों की मौत

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित स्वर्ण बाग कॉलोनी में एक भीषण अग्निकांड में सात लोग जिंदा जल गए। इंदौर के विजय नगर इलाके में शुक्रवार–शनिवार देर रात उस वक्त चीख–पुकार मच गई, जब एक दो मंजिला इमारत में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ–साथ विजय नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ७ लोगों की मौत हो चुकी थी। मकान में आग लगने के बाद राहत और बचाव दल ने वहां से ६ लोगों को रेस्क्यू कर बचाया है। बताया जा रहा है कि इमारत में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी, फिर धीरे–धीरे भयानक रूप ले लिया। जानकारी के मुताबिक, जिन लोगों की आग में झुलसने से मौत हुई है वह इस बिल्डिंग में किराए से रहते थे। इनमें से कुछ लोग पढ़ाई करते थे और कुछ लोग नौकरी करते थे। बताया जा रहा है कि मृतकों में ६ पुरुष और एक महिला शामिल है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फोरेंसिक और इंटेलीजेंस टीम के अफसर भी मौके पर पहुंचे।



# मिर्च डालकर तीन लाख रूपये लूटने वाला जाट रेजीमेंट का जवान निकला

देहरादून (संवाददाता)। बैंक से रूपये निकालकर कार में बैठे पिता पुत्र की आंखों में मिर्च डालकर तीन लाख रूपये की लूट करने वाले को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया तो पता चला कि वह जाट रेजीमेंट का जवान है तथा आईपीएल में सट्टा खेलने के लिए लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खंडूरी ने बताया कि पांच मई को मेहूंवाला निवासी राधा कृष्ण नैनवाल जब एसबीआई से रूपये निकालकर बाहर आये तो उनकी आंखों पर मिर्च डालकर उनसे तीन लाख रूपये की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया पुलिस टीम द्वारा लूटेरे की तलाश हेतु घटनास्थल व उसके आने जाने वाले मार्गो के लगभग 225 सीसीटीवी फुटेज चेक कर आसपास के लोगो से पूछताछ की गयी तथा सभी संभावित स्थानों में दबिश दी गई, पुलिस द्वारा किये गये प्रयासो के फलस्वरुप पुलिस टीम द्वारा आज सत्येंद्र जाट पुत्र राजकुमार निवासी जोजू खुर्द भिवानी हरियाणा को सिंह गेस्ट हाउस कुतुब विहार, द्वारका, थाना सावला दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। जिसके कब्जे से 45 हजार रूपये बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने बताया गया कि वह आर्मी में है व वर्तमान में बरेली में पोस्टेड है। कुछ दिन पहले वह अपने साथ एक व्यक्ति को आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर देहरादून लेकर आया था व आईएमए देहरादून का गेट भी दिखाया था। वह आईपीएल में सट्टा लगाने का आदी है जिसमे अब तक मैने अपने 40 लाख गवा दिए है। उस दिन वह बैंक में तीन सौ रूपये जमा कराने गया था तभी उसने वहां देखा कि एक व्यक्ति अपने खाते से काफी पैसे निकाल रहा है, जिसे देखकर उसके मन में लालच आ गया व उसने बैंक से बाहर आकर एक लाल मिर्च का पैकेट पास की दुकान से खरीदा तथा घटना को अंजाम देकर वह दिल्ली आग गया तथा ढाई लाख रूपये सट्टे में हार गया था।

# सीएम धामी 9 मई को भरेंगे नामांकन पत्र

विशेष संवाददाता

चंपावत/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 9 मई को चंपावत विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र भरेंगे। पार्टी द्वारा इसकी अधिकृत जानकारी देते हुए कहा गया है कि मुख्यमंत्री धामी दल बल के साथ 9 मई को अपना नामांकन पत्र भरेंगे। उनके नामांकन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भाजपा ने नामांकन के दौरान शक्ति प्रदर्शन की योजना भी बनाई है उनके नामांकन में कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

खटीमा सीट से चुनाव हारने के कारण अब मुख्यमंत्री को उपचुनाव लड़ना पड़ रहा है। कांग्रेस ने इस चुनाव में धामी के खिलाफ महिला प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी को अपना उम्मीदवार बनाया है। निर्मला 27 साल से कांग्रेस में हैं तथा वह जिला अध्यक्ष के साथ-साथ महिला विकास बोर्ड की उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं कांग्रेस नेता यशपाल आर्य और भुवन चंद कापड़ी का कहना है कि कांग्रेस चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ेगी। कांग्रेस द्वारा जातिगत वोट समीकरण के मद्देनजर निर्मला गहतोड़ी को चुनाव मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर ब्राह्मण वोटों की संख्या सबसे अधिक है। लेकिन सीएम धामी के ठाकुर होने के बावजूद भी भाजपा अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है।



❑भाजपा ने बनाई शक्ति प्रदर्शन की योजना

## धामी की हार पर अनोखा प्रायश्चित

खटीमा। विधानसभा चुनाव में पुष्कर सिंह धामी को हराने वाली खटीमा की जनता ने आज एक अनोखा प्रायश्चित कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्र के आठ-दस गांव के लोगों ने स्थानीय नदी में सांकेतिक जल समाधि ली और धामी हार पर दुख जताया। जब धामी को इसका पता चला तो उन्होंने फोन पर लोगों से बात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि वह उनके साथ हैं उनकी सभी समस्याओं का समाधान होगा वह अपनी जल समाधि कार्यक्रम खत्म करें।

## तीन तलाक बोलने पर पति के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। दहेज के लिए प्रताडित करते हुए महिला को तीन तलाक बोलने पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोथरोवाला निवासी महिला ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका विवाह 2018 को मोथरोवाला निवासी सुहेल खान के साथ हुआ था उस समय उसका पति साउदी अरब में काम करता था तथा विवाह के बाद वह साउदी अरब चला गया तथा 2019 को वहां से वापस आया। वापस आने के बाद उसका पति नशा करने लगा तथा उसको घर से दस लाख रूपये लाने के लिए मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसने पुत्र को जन्म दिया।

बेटे के पैदा होने के बाद भी उसके पति के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जिसके बाद उसने अपने मायके से पति को पांच लाख रूपये लाकर दिये वह भी उसने नशे आदि में उडा दिये। उसने बताया कि जब उसके पति की मांग पूरी नहीं हुई तो उसने उसके साथ मारपीट करते हुए तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलकर उसको तलाक दे दिया तथा उसके बेटे को अपने पास रख लिया। उसने पुलिस से कहा कि उसके बेटे व उसकी स्त्री धन को उसके पति से दिलाकर मुकदमा दर्ज किया जाये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चेन लूटेरों को शरण...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

उत्तर प्रदेश के रूप में हुई तथा सोनू का ससुराल चोरखाला सहसपुर क्षेत्र में होना तथा सोनू व जुगनू का आपस में रिश्तेदार होना ज्ञात हुआ। जिसके बाद पुलिस टीम ने दिल्ली में छापा मारकर बदमाशों को शरण देने वाले दो लोगों सोनू यादव व गुलशन को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हरीश रावत को नहीं मंजूर जोत सिंह बिष्ट का इस्तीफा

देहरादून (विशेष संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अपने निकट सहयोगी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जोत सिंह बिष्ट के इस्तीफे से इतने आहत हैं कि उन्होंने जोत सिंह बिष्ट के सोशल मीडिया पर दिए गए इस्तीफे को नामंजूर कर दिया। उनका कहना है कि भले ही वह उम्र में मेरे बराबर हों लेकिन वह मेरा बहुत सम्मान करते हैं उन्होंने ही मुझे यह हक दिया है कि मैं उनसे क्या ठीक है और क्या गलत है अपनी राय या फैसला दे सकूं। हमें उनका इस्तीफा मंजूर नहीं है हम उन्हें मना लेंगे वह ऐसा नहीं कर सकते। हरीश रावत का कहना है कि उन्होंने पूरे जीवन काल में कांग्रेस की निष्ठा पूर्वक सेवा की है वह मेहनती और कांग्रेस के समर्पित सिपाही हैं। उन्होंने जिन मुद्दों की ओर ध्यान दिलाया है या जिन्हें लेकर वह आहत हैं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते कल जोत सिंह बिष्ट ने अपने बेटे के साथ दिल्ली में आप की सदस्यता ग्रहण कर ली थी तथा कांग्रेस से नाता तोड़ने की जानकारी अपने इस्तीफे के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई थी। जोत सिंह बिष्ट द्वारा कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस को निजी हितों के लिए काम करने वाली पार्टी बताया था तथा पार्टी में कोई अनुशासन न होने तथा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की बात कही गई थी। जोत सिंह बिष्ट जैसे बड़े व पुराने नेता के पार्टी छोड़ने से कई कांग्रेसी नेता सवाल उठा रहे है।



# जमीन कब्जाने व जान से मारने की धमकी देने पर पांच नामजद

संवाददाता

देहरादून। जमीन पर कब्जा करने व उसका विरोध करने पर पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलसनी पौधा निवासी महेश खत्री की पत्नी बबीता खत्री ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी फूलसनी में भूमि है जिसकी व मालिक है। 11 मार्च को समय 10 बजे सुबह उसकी उपरोक्त भूमि पर पदम सिंह पुत्र स्व जय सिंह निवासी ग्राम जमनवाला, कमल धामी पुत्र पदम सिंह निवासी ग्राम जमनवाला श्रीमती दीपा धामी पत्नी कमल धामी निवासी ग्राम जमनवाला, हिमांशु धामी पुत्र कमल धामी, निधि धामी पुत्री कमल धामी , अपने साथ 4 अन्य गुण्डाकृत प्रवृत्ति के व्यक्तियों को लेकर आये और उसकी उपरावत वर्णित भूमि के चारों ओर लगी तारबाड एवं बबीता खत्री नाम के लगे हुए बोर्ड को उखाड़ दिया , जब वह एवं उसके परिवारवालों ने इस बात का विरोध किया तो उसको व उसके परिवार के साथ गाली-गलौच करने लगे और उसको मना करने पर लड़ाई-झगडा करने लगे और उसको धमकी दी कि यदि तुम दुबारा इस भूमि पर नजर आये तो सारे परिवार को जान से खत्म कर देंगे और तुम्हारी लाशों का भी पता नहीं चलेगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*